एक नजर में

जिले में 38407 मिट्रीक टन उर्वरक का हो चुका है वितरण
वर्तमान में 17461 मिट्रीक टन उर्वरक है उपलब्ध

नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में रबी सीजन में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उप संचालक कृषि श्री पी.सी.पटेल ने बताया, कि नीमच जिले में वर्तमान में 17 हजार 461 मिट्रीक टन से अधिक उर्वरक की उपलब्धता हैं। इसमें यूरिया 4924, डीएपी 3459, एमओपी 1179, एनपीकेएस 3068, मिट्रीक टन एवं एसएसी 4830 मिट्रीक टन उर्वरक उपलब्ध है। जिले में सहकारी समितियों मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रों और निजी क्षेत्र में 38407.256 मे.टन उर्वरक वितरण के पश्चात वर्तमान में 17461.778 मे.टन उर्वरक उपलब्ध है। जिले में पर्याप्त खाद, भण्डारण है तथा आगामी दिनों में उर्वरक की निरंतर आपूर्ति के लिये यूरिया उर्वरक की दो रेक व डी.ए.पी. की एक रेक लगने वाली है। यूरिया उर्वरक कोटा संयंत्र से बॉय रोड़ भी उपलब्ध हो रहा है। किसान भाईयों से अपील की गई है, कि फसल में खाद की अनुशंसा अनुरूप उर्वरकों का उठाव करें। जिले में यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता हैं।

मोरवन डेम छलका, 2 बड़ी और 7 छोटी नहरों से खेतों तक पहुंचेगा पानी, 20 गांव को फायदा

नीमच। जिले के मोरवन डेम की वेस्टवेयर अब सक्रिय हो गई है, जिससे डेम से निकलने वाली 20 किमी लंबी मुख्य नहर से दो बड़ी नहरें निकलती हैं। इनसे जुड़ी 7 छोटी नहरें 18 गांवों तक पानी पहुंचती हैं, जिससे करीब 5 हजार किसानों के खेतों में रबी सीजन के लिए सिंचाई सुनिश्चित होगी। मोरवन डेम के पानी से जावद और सरवानिया क्षेत्र के 2 हजार हेक्टेयर खेतों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा, डेम से नगर परिषद जावद, सरवानिया और आसपास के 20 से अधिक गांवों को पेयजल की आपूर्ति भी होती है। इस सिंचाई योजना से किसानों को पानी की कमी की चिंता नहीं रहेगी और क्षेत्र में कृषि उत्पादन में वृद्धि की संभावना मजबूत होगी।

अपने लिए जीने वाले को केवल तीन पीढ़ी याद रखती है - अतुल महेश्वरी

नीमच। भारतीय किसान संघ जिला नीमच जिला कार्यालय से प्रेस नोट जारी कर बताया कि भारतीय किसान संघ मनासा और रामपुरा तहसील का प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 11 सितंबर को जूना पानी महादेव, रामपुरा रोड मनासा प्रांत संगठन मंत्री अतुल महेश्वरी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नीमच जिला प्रभारी भंवर सिंह पवार, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य निलेश पाटीदार,संभागीय उपाध्यक्ष राधेश्याम धनगर, जिला अध्यक्ष सुरेशचंद्र धाकड़ की उपस्थिति में संपन्न हुआ द्य वर्ग को संबोधित करते हुए संगठन मंत्री अतुल माहेश्वरी ने भारतीय किसान संघ का गठन कब हुआ, किन उद्देश्यों को लेकर हुआ का विस्तार से अपनी बात कही द्य साथ ही आपने कहा इस राष्ट्र,समाज के निर्माण के लिए जो व्यक्ति जीता है उसको कई पीढियां तक याद रखा जाता है और जो केवल अपने लिए जीता है उसको बहुत ज्यादा तीन पीढियां तक ही याद रखा जाता है,सरदार वल्लभभाई पटेल, शहीद भगत सिंह, झांसी की रानी ऐसे कई उदाहरण हमारे सामने है जो देश और इस समाज के लिए जिए द्य इसलिए हम सभी किसान बंधुओ को किसान हित के साथ ही राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानते हुए आगे बढ़ना होगा द्य प्रांत कार्यकारिणी सदस्य भंवर सिंह पवार, निलेश पाटीदार, राधेश्याम धनगर, सुरेशचंद धाकड़ ने भी मार्गदर्शन प्रदान किया द्य आगामी 15 सितंबर को नीमच के दशहरा मैदान से प्रात: 11ः00 बजे एक विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी एवं कलेक्टर कार्यालय पर पहुंचकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे द्य स्वागत उद्बोधन तहसील अध्यक्ष पप्पू लाल गुर्जर एवं श्रीराम पाटीदार ने दिया द्य तहसील कार्यकारिणी के बलराम गुर्जर ने संचालन किया द्य वर्ग में जिला संरक्षक मांगीलाल पाटीदार,जिला उपाध्यक्ष जमनालाल पाटीदार, हरी विलास पाटीदार, जिला कोषाध्यक्ष रामगोपाल धाकड़,जिला कार्यकारिणी राधेश्याम धाकड़, पूरी मनासा तहसील कार्यकारिणी,रामपुर तहसील कार्यकारणी एवं ग्राम समितियां के अध्यक्ष मंत्री उपस्थित रहे द्य उक्त जानकारी जिला मंत्री विष्णु प्रसाद नागदा ने दी द्य

इन्दिरा नगर में होगा 21 फिट उॅचे रावण का दहन, समिति को सौंपी जिम्मेदारी

नीमच। मॉर्निंग क्लब इन्दिरा नगर के तत्वावधान में गठित मॉ शीतलामाताजी मंदिर दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष 2025 से क्षेत्रवासियों के लिये एक नई परंपरा का शुभारंभ करते हुए शरद पूर्णिमा के एक दिन पूर्व रावण दहन करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया है। इस संबंध में मॉर्निंग क्लब के सदस्यो ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्पूर्ण इन्दिरा नगर, न्यू इन्दिरा नगर, विस्तार, एस एल क्वार्टर, भगवानुपरा, त्रिमूर्ति नगर, गणपति नगर, सांईनाथ नगर, क्लासिक क्राउन कॉलोनी, शगुन रेसीडेंसी, ग्वालटोली, नई आबादी, बरूखेड़ा रोड़, बरूखेड़ा, कॉलेज रोड़, स्कीम नं.10, यादव मंडी आदि क्षेत्रों के रहवासियो के लिए एक नई परंपरा का शुभारंभ करते हुए समिति ने सर्वानुमति से निर्णय लिया इस वर्ष 2025 से रावण दहन की परंपरा का शुभारंभ किया जा रहा है। शरद पूर्णिमा के एक दिन पूर्व 5 अक्टूबर रविवार की सांयकाल पुराना गेस गोदाम क्षेत्र मॉ शीतलामाताजी मंदिर खेल मैदान इन्दिरा नगर नीमच में 21 फिट उॅचे रावण के पुतले का दहन किया जायेगा। इसके लिये विशेष तैयारियां समिति द्वारा की जा रही है। आयोजन समित मॉर्निंग क्लब ने इसके लिये मॉ शीतालामाताजी मंदिर दशहरा उत्सव समिति बनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गई है। इसमें कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी योग गुरू अशोकजी दलवी को दी गई है। इसके लिये सभी को मंच व्यवस्था, पांडाल व्यवस्था, लाईटिंग व्यवस्था, पुरस्कार वितरण व्यवस्था, संचालन व्यवस्था, अतिथिगण, सफाई व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, मैला कहां लगेगा उसकी व्यवस्था आदि अन्य व्यवस्थाओं की अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। क्षेत्र में पहली बार हो रहे रावण दहन को लेकर उत्साह का माहौल व्याप्त है। मॉर्निंग क्लब के सदस्यों ने बताया कि यह परंपरा निरंतर चलती रहे इस प्रकार की व्यवस्था की जा रही है ताकि क्षेत्रवासियों को पास में ही सांस्कृतिक आयोजन देखने को मिले। बुराई पर अच्छाई की जीत के भागीदार बन सके।

डायमंड रोटरी डाँडिया 22 सितम्बर से

नीमच। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रोटरी डायमंड द्वारा नीमच शहर में डांडिया का आयोजन 22 सितम्बर से 1अक्टूबर तक गांधी वाटिका में किया जा रहा है। अरुल अशोक गंगानगर प्रेजेंट्स डायमंड रोटरी डाँडिया में जो भी ग्रुप अपनी इंट्री कराना चाहते हो वे अतिशीघ्र अपनी ग्रुप इंट्री करा कर अपना स्थान निश्चित करे। नीमच शहर का एकमात्र भव्य डाँडिया जिसमे माताजी की विशाल प्रतिमा, खेलने वाले प्रतिभगियों के लिए विशाल पांडाल, आकर्षक लाइट डेकोरेशन, दर्शको के बैठने हेतु वी.आई.पी.गेलेरी की उचित व्यवस्था, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले चकरी एवं खान पान की स्टॉल आकर्षक का केंद्र रहेगी।

सीएम डॉ. यादव आज करेंगे गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट का शुभारंभ

- लक्ज़री कैंपिंग से हवाई एडवेंचर तक - गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट में मिलेगा रोमांचक अनुभव

नीमच। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज 12 सितम्बर को गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के चौथे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। यह रिट्रीट लल्लूजी एंड संस द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के सहयोग से विकसित किया गया है, जो लक्ज़री कैंपिंग, एडवेंचर टूरिज्म और सांस्कृतिक गतिविधियों का अनूठा संगम है।

गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के दौरान पर्यटक टेंट सिटी में हॉट-एयर बलूनिंग, पैरामोटरिंग, जेट स्कीइंग, कायाकिंग और मोटर बोटिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। साथ ही, हिंगलाजगढ़ किले की हेरिटेज ट्रेल, गांधीसागर अभयारण्य में वन्यजीव सफारी और ग्रामीण जीवन के अनुभव भी पर्यटकों के आकर्षण का हिस्सा रहेंगे।

इस रिट्रीट में पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता पर विशेष ध्यान दिया गया है। लगभग 2,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित बटरफ्लाई गार्डन में 4,000 से अधिक पोषक एवं पराग प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। यहां पहले से ही 40 से अधिक तितली प्रजातियां दर्ज की जा चुकी हैं। यह केंद्र शिक्षा एवं इंटरप्रिटेशन स्थल के रूप में पर्यटकों को तितलियों के जीवन चक्र की जानकारी प्रदान करेगा।

इसके अलावा इस सीज़न में रॉक आर्ट इंटरप्रिटेशन ज़ोन, जो चतुर्भुज नाला की प्राचीन शैलचित्र कला से प्रेरित है, तथा बायोडायवर्सिटी वॉक जैसी गतिविधियां भी शामिल की गई हैं। पर्यटक इस रिट्रीट में गाइडेड बटरफ्लाई गार्डन टूर, नेचर वॉक, बर्ड वॉचिंग, वाटर स्पोर्ट्स (स्पीड बोट, बनाना राइड, जेट स्की, कयाकिंग) और हवाई एडवेंचर (हॉट एयर बैलूनिंग व पैरामोटरिंग) जैसी शानदार गतिविधियों का अनुभव लेकर प्रकृति के और करीब आ सकेंगे।

सर्वपितृ अमावस्या के दिन होगा भव्य सामूहिक पितृ तर्पण कार्यक्रम

कर्मकाण्डीय विप्र परिषद् की बैठक सम्पन्न

नीमच। कर्मकाण्डीय विप्र परिषद्नी मच की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में सम्पन्न हुई। इस बैठक में बडी संख्या में विप्र परिषद्के सदस्यों ने उपस्थित विचार विमर्श किया। यह बैठक परिषद के संरक्षक पं.मालचंद शर्मा और अध्यक्ष पं.राधेश्याम उपाध्याय के नेतृत्व में संपन्न हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पितृदोष की शांति एवं पितरों की कृपा-आशीर्वाद प्राप्ति के लिए सर्वपितृ अमावस्या दिनांक 21 सितम्बर 2025 रविवार के दिन चतुर्थ विशाल नि:शुल्क सामूहिक पितृ तर्पण कार्यक्रम का आयोजन रेल्वे स्टेशन के सामने, किला रोड, होटल राज पैलेस के पास स्थित श्री कालिका माता सोमेश्वर महादेव मंदिर तीर्थ पर प्रात: 6.30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन एवं पूजन सामग्री तथा व्यवस्था शुल्क पूर्वानुसार मात्र 100/- रू. रहेगा। पितृ कृपा के आकांक्षी श्रद्धालु इसमें भाग लेकर देव-ऋषि-मनुष्य एवं अपने पितरों के आशीर्वाद के पात्र बनेंगे तथा पितर दोष से भी मुक्त होकर उनकी कृपा प्राप्ति के अधिकारी होंगे। ऋषियों के मतानुसार पितृ तर्पण से मनुष्य सर्वबाधाओं से मुक्त होकर आनंद की अनुभूति प्राप्त कर सकता है।

इस बैठक में परिषद के संरक्षक पं. मालचंद शर्मा, अध्यक्ष पं. राधेश्याम उपाध्याय सहित पं. जगदीश प्रसाद शर्मा, पं. प्रेमप्रकाश गौड (गोटू महाराज), पं. रामेश्वर शर्मा, पं. घनश्याम व्यास चल्दू , पं.लक्ष्मण शास्त्री, पं. राहुल मनोज शर्मा, पं. दुर्गाशंकर नागदा, पं. आनंद पाण्डे सहित बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य गण मौजूद थे।

कलेक्टर ने की जनशिक्षा केंद्र व शिक्षा विभाग की समीक्षा

नीमच। जिले के सभी शासकीय विद्यालय निर्धारित समय पर खुले और सभी शिक्षक निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर अध्यापन का कार्य करें। बी.ई.ओ., बी.आर.सी. व अन्य अधिकारी नियमित रूप से प्रतिमाह शतप्रतिशत लक्ष्य अनुसार शालाओं का निरीक्षण करें और अध्यापन कार्य की गुणवत्ता पर भी ध्यान दें। परफार्मेन्स के आधार पर विद्यालयों की ग्रेडिंग कर, मॉनिटरिंग करें। सभी संस्था प्रधान आगामी 10 दिन में सुनिश्चित करें, कि शाला जाने योग्य कोई भी बच्चा स्कूल में प्रवेश से शेष ना रहे। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला शिक्षा केंद्र, जिला शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया, डीसीपी श्री दिलीप व्यास सहित अन्य अधिकारी सभी बीईओ, बीआरसी, सीएससी एवं बीएससी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने शाला प्रवेश एवं नामांकन कार्य की सराहना करते हुए कहा, कि इस सत्र में अब तक नामांकन का अच्छा कार्य शिक्षा विभाग ने किया है। आगामी 10 दिन में यह सुनिश्चित कर ले, कि शाला जाने योग्य कोई भी विद्यार्थी स्कूल में दाखिले से वंचित तो नहीं रहा हैं, यदि किसी विद्यार्थी का प्रवेश नहीं हुआ है, तो उसको भी दाखिला दिलाए।

कलेक्टर ने गणवेश राशि के भुगतान की समीक्षा में निर्देश दिए, कि भुगतान फेल हो जाने की वजह से जिन विद्यार्थियों को गणवेश की राशि नहीं मिल पाई है, उन सभी को एक सप्ताह में राशि का भुगतान कर दिया जाए।

कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों और प्रधानाध्यापकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा, कि कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं व 12वीं में सभी विद्यार्थी ए एवं ए+ ग्रेड के साथ उत्तीर्ण हो, इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर अध्यापन कार्य करवाया जाए। मासिक टेस्ट के आधार पर परीक्षा परिणाम सुधार पर विशेष ध्यान दें।

शत प्रतिशत शिक्षकों की ई-अटेंडेन्स हो

कलेक्टर श्री चंद्रा ने बैठक में निर्देश दिए, कि सभी विद्यालय निर्धारित समय पर खुले और सभी शिक्षक समय पर शाला में उपस्थित होकर अध्यापन करें, विद्यार्थियों की शाला में नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए काउंसलिंग सत्र आयोजित करें। सभी शिक्षकों की उपस्थिति ई-एटेंडेन्स के माध्यम से ही सुनिश्चित की जाए।

पत्रकारों के बीमा प्रीमियम और जीएसटी माफ करने की मांग

नीमच। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ नीमच जिला इकाई ने गुरुवार 11 सितंबर को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर मयूरी जोक को ज्ञापन सौंपते हुए पत्रकारों पर थोपे जा रहे बढ़े हुए बीमा प्रीमियम और 18 प्रतिशत जीएसटी को तत्काल वापस लेने की मांग की। ज्ञापन जिला कार्यकारी अध्यक्ष चैनसिंह सोलंकी नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की पहचान मीडिया फ्रेंड के रूप में है, लेकिन जनसंपर्क विभाग द्वारा पत्रकार कल्याण बीमा योजना के अंतर्गत जारी विज्ञापन में इस बार प्रीमियम राशि में भारी वृद्धि की गई है।इसके अलावा उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी भी लगाया गया है, जिससे कई पत्रकार साथी योजना का लाभ लेने से वंचित हो सकते हैं।संगठन ने मांग की कि वर्ष 2025-26 की स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा योजना का प्रीमियम और उस पर लगाया गया जीएसटी शून्य किया जाए। पाँच लाख रुपये तक की पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना निशुल्क लागू की जाए। आवेदन की अंतिम तिथि 22 से 30 सितंबर तक बढ़ाई जाए। संघ ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिवस में मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो संगठन सरकार की बीमा योजना को अस्वीकार करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपते समय जिला कार्यकारी अध्यक्ष चैन सिंह सोलंकी के नेतृत्व में तहसील अध्यक्ष महेश जैन कार्यकारी सदस्य विपूल सिंह, प्रथम सिंह, मुकेश् पार्टनर, बबलू किलोरिया, मनीश बागड़ी, पवन शिन्दे सहित अन्य सदस्य ऊपस्थित थे।

जलझूलनी एकादशी पर धार्मिक कार्यक्रम में अश्लील नृत्य, विरोध पर मारपीट

नीमच। मंडफिया स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में आयोजित जलझूलनी एकादशी के धार्मिक कार्यक्रम के दौरान अश्लील नृत्य और समाजजन से मारपीट की घटना को लेकर नीमच जिला सेन समाज संगठन ने सख्त नाराजगी जताई है। बुधवार को बड़ी संख्या में समाजजन कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में 3 सितंबर को भादसौड़ा चौराहे पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान घटित घटनाओं का उल्लेख करते हुए बताया गया कि प्रारंभ में धार्मिक और भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई, लेकिन देर रात आर्केस्ट्रा कलाकारों द्वारा फिल्मी गीतों पर अशोभनीय और अश्लील नृत्य कर कार्यक्रम की मर्यादा को ठेस पहुंचाई गई।

जब विश्व हिंदू परिषद चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष प्यारचंद सेन ने इसका विरोध करते हुए धार्मिक आयोजन की गरिमा बनाए रखने की अपील की, तो आयोजकों और कलाकारों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। महिला कलाकारों पर अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने का भी आरोप लगाया गया है।

सेन समाज ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में आयोजनकर्ता अशोक कुमार अग्रवाल, बाबूलाल ओझा, आर्केस्ट्रा संचालक सुरजीत चौधरी और कलाकार अलबेला कोटा, आशा प्रजापत, प्रिया गुप्ता, सोना बाबू, आलिया सीकर, रेखा सिंह और विष्णु बराड़ा के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान सेन समाज के अध्यक्ष दीपक गहलोत, युवा अध्यक्ष सोनू सेन, सुखलाल सेन, मनीष सेन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि दोषियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

एक नजर बिना सर्वे किसानों को मुआवजा देने की मांग

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने फसल नुकसानी के मुआवजे को लेकर तहसीलदार को खराब फसल के साथ दिया ज्ञापन

सिंगोली। गुरुवार को सिंगोली पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती ने बड़ी संख्या में किसानों के साथ तहसील कार्यालय पहुंच तहसीलदार को ज्ञापन दिया और सरकार से बिना सर्वे मुआवजा देने की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिनों लगातार भारी बारिश के कारण क्षेत्र के किसानों की फसल बर्बाद होकर पूरी तरह नष्ट हो गई है तथा शासन प्रशासन द्वारा अब तक किसानों की फसल नुकसानी को लेकर कोई भी उचित और ठोस कार्यवाही नहीं की गई है ऐसे में क्षेत्र के किसान बर्बादी की कगार पर आ गए हैं।

किसानों की फसल बर्बाद हो जाने और उनकी दुर्दशा को लेकर नीमच जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरूण बाहेती गुरुवार को बजे सिंगोली कांग्रेस कार्यालय पहुंचे कांग्रेस जहां से नेता सत्यनारायण पाटीदार, बालकिशन धाकड़, धाकड़ महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष

डॉ अर्जुन धाकड़, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष जैन, सिंगोली नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश नागोरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और क्षेत्र के किसान गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय से नारेबाजी करते हुए दोपहर 1 बजे तहसील कार्यालय पहुंचे और नायब तहसीलदार बालकृष्ण मकवाना को मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन के साथ मक्का और सोयाबीन की बर्बाद हुई फसल देकर बिना सर्वे किसानों को मुआवजा देने की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि एक तरफ प्राकृतिक आपदा भारी बारिश से फसल बर्बाद हो गई है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में जंगली सूअरों का आतंक भी बना हुआ है जिसके कारण बची खुची फसल भी जंगली सूअर बर्बाद कर रहे हैं। किसानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है, उन्हें फसल बीमा मिल भी नहीं मिल रहा है तथा ना ही किसानों की फसल का शासन प्रशासन द्वारा उचित मुआवजा दिया जा रहा है। क्षेत्र का किसान अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है तथा बर्बादी की कगार पर आ गया है। हमारी मुख्यमंत्री और केंद्रिय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग है कि जल्द से जल्द किसानों की समस्या का निराकरण कर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। समय पर मुआवजा नहीं मिलने पर हमें आंदोलन के लिये मजबूर होना पडेगा।

ज्ञापन का वाचन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष जैन ने किया।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश शर्मा रतनगढ़, जमील मोहम्मद मेव सिंगोली, पंख तिवारी, मंडलम अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला महामंत्री अल्प संख्यक विभाग आजाद नीलगर, ब्लॉक कांग्रेस अल्प संख्यक अध्यक्ष इमरान खान, पार्षद राजेश भंडारी, संजय बगडिया, राजकुमार छीपा, रामलाल गुर्जर, सिद्धार्थ बना, राजेश लड्ढा रतनगढ़, एम डी मंसूरी झांतला, प्रताप सिंह, मेहबूब मेव, घीसालाल धाकड़ बर्डावदा, सत्तू धाकड़, शंकरलाल धाकड़ फुसरिया, इकबाल हुसैन बड़ी, धीरज मोटानाक, पप्पू ठाकुर, प्रकाश बलाई, रितेश सेठिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।